पंजाब केसरी
SAT,01 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# डी.एल.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

## 2,835 अभ्यर्थी हुए सफल, खेल कोटा की काउंसलिंग 5-6 अगस्त को

धर्मशाला, 31 जुलाई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को डी.एल.एड. कॉमन एंट्रेंस टैस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है।

इस वर्ष प्रवेश परीक्षा में 2,835 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। बोर्ड द्वारा 17 जून, 2026 को प्रदेश भर के 67 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 9,984 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9,096 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और 888 अनुपस्थित रहे थे।

बोर्ड ने पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए अस्थायी उत्तर कुंजी पर आपत्तियां मांगने और विषय विशेषज्ञों द्वारा उनका गहन परीक्षण कराने के बाद ही अंतिम परिणाम तैयार किया है। अब सत्र 2026-2028 में प्रवेश के लिए सीट आबंटन, मैरिट सूची और काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जारी किया जाएगा।

वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा के तहत सफल हुए अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों का सत्यापन और काउंसलिंग 5 व 6 अगस्त, 2026 को सुबह 10.30 बजे से धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में होगी, जहां अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों के साथ आना अनिवार्य है।

बोर्ड ने अभ्यर्थियों को भ्रामक जानकारी से बचने और आधिकारिक वैबसाइट का ही अनुसरण करने की सलाह दी है, जबकि किसी भी सहायता के लिए हैल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।




डी.एल.एड. कॉमन एंट्रेंस टैस्ट का परिणाम पूरी पारदर्शिता और निषक्षता के साथ तैयार किया गया है। परीक्षा में सफल रहे सभी 2,835 अभ्यर्थियों के सुनहरे भविष्य की कामना करता हूं। जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर काउंसलिंग और सीट आबंटन का शैड्यूल जारी कर दिया जाएगा। उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा के अभ्यर्थी 5 और 6 अगस्त को अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचें।

– डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Amarujala:01-08-2026

# डीएलएड परीक्षा : 2,835 अभ्यर्थियों ने की पास, 888 रहे अनुपस्थित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 17 जून को आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया। इस दौरान 2,835 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड ने 9,984 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए थे, जिनमें 9,096 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, जबकि 888 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे।



**17 जून को प्रदेश भर के 67 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा**

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि डीएलएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह परिणाम बोर्ड की ओर से पहले जारी की गई अस्थायी उत्तरकुंजी में दर्ज उत्तरों के संबंध में परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर संबंधित विषय विशेषज्ञों के विचार के बाद तैयार की गई उत्तर कुंजी के आधार पर तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कोटे के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए काउंसलिंग का आयोजन 5 और 6 अगस्त को बोर्ड मुख्यालय में सुबह साढ़े 10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीएलएड कोर्स सत्र 2026-28 के लिए सीटों के आवंटन से संबंधित प्रक्रिया व काउंसलिंग की तिथियां अंतिम मेरिट सूची सहित अलग से बोर्ड की वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। ब्यूरो

# 9,096 में से 2835 पास

स्टाफ रिपोर्टर-धर्मशाला

- स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया डीएलएड सीईटी परिणाम
- स्पोर्ट्स कोटे की काउंसिलिंग पांच-छह अगस्त को

स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शुक्रवार को डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी)-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस प्रवेश परीक्षा में 2835 अभ्यर्थी सफल रहे हैं। 17 जून को प्रदेश के 67 परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए 9984 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9096 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 888 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परिणाम जारी करने से पहले बोर्ड ने अस्थायी उत्तर कुंजी पर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी थीं। विषय विशेषज्ञों की जांच के बाद अंतिम उत्तर कुंजी तैयार कर उसी के आधार पर परिणाम घोषित किया गया। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक शिक्षा की दिशा में यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए सीट आबंटन, मेरिट सूची और काउंसिलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। वहीं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों (स्पोर्ट्स कोटा) के तहत सफल अभ्यर्थियों के खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन और काउंसिलिंग पांच व छह अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे से बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी।

दिव्य हिमाचल
Divya Himachal Dharamsala+ Mera Kangra +Aastha
Sat, 01 August 2026

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, 2835 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इसमें 2,835 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि 17 जून को प्रदेश के 67 परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। परीक्षा के लिए 9,984 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9,096 शामिल हुए। बोर्ड ने पहले जारी की गई अस्थायी उत्तर कुंजी पर आपत्तियां मांगी थीं।


विषय विशेषज्ञों ने आपत्तियों का परीक्षण करने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया है। सत्र 2026-2028 में प्रवेश के लिए सीट आवंटन, मेरिट सूची व काउंसलिंग का कार्यक्रम जल्द बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। स्पोर्ट्स कोटे के तहत उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन और काउंसलिंग पांच व छह अगस्त को सुबह 10:30 बजे से बोर्ड मुख्यालय में होगी। अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## जमा दो की मेरिट के आधार पर आज आवंटित होंगी बीटेक की सीटें

**जागरण संवाददाता, हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर पहली अगस्त को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) के पांचवें चरण की आनलाइन काउंसलिंग में जमा दो की मेरिट के आधार पर सीटें आवंटित करेगा।

Dainik Jagran:01-08-2026

# HP Board of School Education Declares D.El.Ed. CET-2026 Results; 2,835 Candidates Succeed



SANJAY AGGARWAL
DHARAMSHALA JUL 31 : Taking a significant step towards further strengthening the foundation of primary education in Himachal Pradesh, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) announced the much-awaited results of the D.El.Ed. Common Entrance Test (CET)-2026 on Friday. This year, 2,835 candidates have successfully cleared the examination.Board Chairman Dr. Rajesh Sharma extended his best wishes for a bright future to all the successful aspiring teachers, describing the event as the beginning of a new chapter in quality teacher education. Providing detailed statistics, Dr. Sharma noted that the entrance test was successfully conducted on June 17, 2026, across 67 centers in the state. A total of 9,984 candidates had applied for the exam; of these, 9,096 appeared for the test, while 888 remained absent. To ensure the selection process remained transparent, fair, and credible, the Board had invited objections regarding the previously released provisional answer key. The final results were prepared based on the final answer key only after subject experts had thoroughly examined these objections. The next phase of the admission process will now commence for the successful candidates. A detailed schedule regarding seat allocation, the merit list, and counseling for the 2026-2028 session will soon be released on the Board's official website. Meanwhile, the Board has issued specific instructions for candidates who qualified under the 'Distinguished Sports Persons' category. The verification of sports certificates and counseling for these candidates will be held on August 5 and 6, 2026, starting at 10:30 AM at the Board's headquarters in Dharamshala. It is mandatory for the concerned candidates to appear on the scheduled dates with all their original certificates. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma has urged candidates to disregard any misleading information circulating on social media or other platforms and to rely solely on details provided on the official website. Candidates can view their results on the website and contact the helpline number 01892-242192 for any assistance. In his inspiring message, Dr. Sharma stated, "A teacher does not merely impart knowledge but shapes the future of society and the nation." He expressed full confidence that these successful candidates would elevate Himachal Pradesh's education system to new heights through their dedication, sensitivity, and exceptional skills.

AUGUST 1, 2026 SATURDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times


# HPBOSE D.EL.ED. ENTRANCE RESULTS OUT: 2,835 CANDIDATES CLEAR TEST

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially declared the results for the D.El.Ed. Common Entrance Test (CET) 2026, marking a significant milestone for primary education aspirers across the state. Out of 9,096 candidates who sat for the entrance test held across 67 centers on June 17, a total of 2,835 applicants successfully cleared the examination. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma congratulated the successful future educators, emphasizing that this outcome paves the way for a stronger, higher-quality teaching foundation in Himachal Pradesh.

To ensure absolute transparency and fairness, HPBOSE meticulously evaluated public objections on the provisional answer key through subject experts before finalizing the merit list. With the core results now out, the board is gearing up for the next phase of admissions for the 2026–2028 academic session. Seats, merit rankings, and general counseling schedules will be published shortly on the official website. However, for candidates under the Distinguished Sports Persons quota, dedicated document verification and counseling sessions are scheduled right around the corner, taking place on August 5 and 6 at 10:30 AM at the board headquarters in Dharamshala.

Board officials have urged candidates to rely solely on the official portal, www.hpbose.org, for legitimate updates and to avoid falling for social media rumors. Applicants requiring assistance can reach out directly via the board's designated helpline at 01892-242192. Underscoring the critical role of educators, Dr. Sharma expressed complete confidence that this fresh batch of successful candidates will bring dedication, empathy, and high professional standards to elevate the state's public education system.



# डीएलएड सीईटी का परीक्षा परिणाम घोषित 2835 अभ्यर्थी सफल

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 2,835 अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। परीक्षा के लिए 9,984 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9,096 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 888 अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा 17 जून को प्रदेश के 67 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पहले अस्थायी उत्तरकुंजी जारी कर आपत्तियां आमंत्रित की गईं। विषय विशेषज्ञों द्वारा आपत्तियों की जांच के बाद अंतिम उत्तरकुंजी के आधार पर परिणाम तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए मेरिट सूची, सीट आवंटन और काउंसलिंग का कार्यक्रम शीघ्र ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। स्पोर्ट्स कोटे के अंतर्गत सफल अभ्यर्थियों के खेल प्रमाणपत्रों का सत्यापन एवं काउंसलिंग 5 और 6 अगस्त 2026 को सुबह 10.30 बजे से धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में होगी। अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे।

# डीएलएड सीईटी का परिणाम घोषित
# 2835 अभ्यर्थी सफल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को डीएलएड सीईटी-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस परीक्षा में 2,835 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने बताया कि 17 जून, 2026 को प्रदेश के 67 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा के लिए 9,984 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 9,096 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 888 अनुपस्थित रहे। बोर्ड ने आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम तैयार किया। सफल अभ्यर्थियों के लिए सत्र 2026-2028 में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, मेरिट सूची और काउंसलिंग का कार्यक्रम जल्द जारी किया जाएगा। वहीं, उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र सत्यापन और काउंसलिंग 5 व 6 अगस्त को सुबह 10:30 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में होगी।